(iv) आयकर अधिनियम की विभिन्न धाराओं के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण मांगना।

(v) धारा 281ख, 132, 147 के अधीन प्रस्तावों की समीक्षा।

(vi) अपीलीय आदेश पर आयकर अधिकारियों से समीक्षा रिपोर्ट मंगाना।

(vii) केन्द्रीय समीक्षा रिपोर्ट तैयार करना।

(viii) सुनवाई के लिए नियत की गई तारीख से कम से कम एक सप्ताह पहले रिकार्डों/अनुबन्धों/सूचनाओं/क्षेत्र से अपील के लिए आधार एकत्रित करना उन्हें डी आर को प्रस्तुत करना।

(ix) विभागीय प्रतिनिधियों के लिए फाइलें और सूचनाएं तैयार करना तथा उन्हें प्रस्तुत करना।

(x) निर्धारण रजिस्टर का रख-रखाव।

वसूली

(i) मांग को बट्टे खाते डालने से सम्बन्धित मामले।

(ii) बकाया मांग की वसूली के लिए धारा 226 के अधीन नोटिस जारी करना।

(iii) अत्यधिक मांग के मामलों की सूची तैयार करना तथा वसूली के लिए अनुवर्ती कार्रवाई करना।

(iv) पंजीकरण प्रमाणपत्रों आदि के रद्द करने, उनमें संशोधन के बारे में क०व०अधि०/कलक्टर से पत्र व्यवहार।

(v) जब्ती वारंट तैयार करना।

(vi) वसूली प्रमाण के प्राप्त होने पर फाइलों पर कार्रवाई करना तथा उनका उचित रख-रखाव करना।

(vii) क०व०का० के मांग रजिस्टर का रख-रखाव, संग्रहणों की निगरानी करना तथा कार्रवाई के लिए टी० आर० ओ० को चूक कर्ताओं के मामले प्रस्तुत करना।

(viii) बकायाओं के समय से संग्रहण की निगरानी करना तथा आवश्यक कार्रवाई करना।

Judicial

(i) Applications regarding approval of Gratuity, Provident Fund and Superannuation funds

(ii) Matters regarding petitions and revision applications

(iii) Matters regarding retention of impounded books

(iv) Seeking clarification regarding various sections of the I T Act

(v) Scrutinising the proposals under section 281-B, 132, 147.

(vi) Calling of scrutiny reports from ITOs on appellate order

(vii) Preparation of Central Scrutiny reports.

(viii) To collect records/annexures/briefs/grounds of appeal from the field at least a week before the date fixed for hearing and their submission to the DRs

(ix) Preparation of files and briefs for the Departmental Representative and submission thereof

(x) Maintenance of fixation Register

Recovery

(i) Matter pertaining to write off of demands

(ii) Issue of notices under section 226 for recovery of outstanding demand

(iii) Preparation of list of top demand cases and follow action for recovery.

(iv) Correspondence with the TRO/Collector including cancellation, modifications of R.Cs etc

(v) Preparation of distress warrant

(vi) Starting of files on receipt of Recovery Certificates and proper maintenance thereof

(vii) Maintenance of TRO's demand Register, Watching collections and putting up cases of defaulters to TRO for action.

(viii) Watching timely collection of arrears and taking necessary action.

(ix) आई टी ओ/आई ए सी (निर्धारण) के डी एण्ड सी आर के क०व०का० के माग रजिस्टर में की गई प्रविष्टियों का वार्षिक सत्यापन और मिलान।

(x) विभिन्न नोटिस जारी करना।

(xi) चालान तैयार करना।

(xii) निम्नलिखित में क०व० अधि० की सहायता करना—

(क) चूककर्ताओं को अनुस्मारक जारी करना।

(ख) स्थगन के सम्बन्ध में याचिकाओं पर कार्रवाई करना।

(ग) किश्त।

(घ) अर्थदंड लगाना।

(ङ) ब्याज लगाना।

(च) वसूली न हो सकने वाले बकाया को बट्टे खाते में डालने से सम्बन्धित कार्य की आवश्यक प्रमाणपत्र आयकर अधिकारी को भेजना।

(छ) वसूली की शुरुवाई और अनुवर्ती।

(ज) सिविल कार्यविधि संहिता की धारा 61 के अधीन मामलों की रिपोर्ट भेजना।

(xiii) वसूली की तारीख तक धारा 220(2) के अधीन ब्याज का परिकलन करना।

(xiv) वसूली प्रमाण पत्र जारी करना।

(ix) Annual verification and tally of entries in the TRO's demand register with that of the D&CR of ITO/IAC (Asstt)

(x) Issue of various notices

(xi) Preparation of challans

(xii) Assisting the TRO in—

(a) Issue of reminders to defaulters.

(b) Disposal of petitions regarding stay

(c) Instalments

(d) Imposition of fines

(e) Levy of interest

(f) Furnishing necessary certificates to the ITO regarding write off of irrecoverable arrears

(g) Initiation and follow up of recovery matters

(h) Sending reports of cases under section 61 of Civil Procedure Code.

(xiii) Calculation of interest under section 220(2) upto the date of recovery.

(xiv) Issue of Recovery Certificates.

अनुबन्ध I

(पैरा 1.4 देखें)

विभिन्न कार्यालयों के बीच कार्य के कार्यात्मक वितरण को दर्शाते हुये राजस्व विभाग तथा केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड का विन्यास चार्ट



ANNEXURE I

(Referred to in para 1 4)

Layout chart of the department of revenue vis-a-vis Central Board of Direct Taxes showing the functional distribution of work among the various officers



अनुबन्ध II

क्षेत्र संघटन का संगठनात्मक ढाँचा



ANNEXURE II

Organisational Set-up of Field Formation



अध्याय 2

CHAPTER 2

निर्धारण क्रियाविधि
ASSESSMENT PROCEDURE

कार्यवाही प्रारम्भ

2.1 आयकर अधिनियम, 1922 के अधीन उस अधिनियम, जिसे सामान्य नोटिस कहा जाता है की धारा 22(1) के अधीन नोटिस, प्रत्येक वर्ष 1 मई को या उससे पहले जारी किया जाता है। उस प्रत्येक व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है कि वह विहित फार्म मे अपनी कुल आय/समस्त साधनो से आय की विवरणी 65 दिनो के अन्दर भेजे जिसकी कुल आय उस वर्ष के वित्तीय अधिनियम के प्रावधानो के अनुसार प्रभार्य हो। तथापि राजस्व लेखापरीक्षा पुस्तिका के भाग 1 की खण्ड-III के पैरा 18.02 में यथा उल्लिखित इस कार्यविधि को आयकर अधिनियम, 1961 के अधीन समाप्त कर दिया गया है। आयकर अधिनियम, 1961 के अधीन कर योग्य आय वाले सभी व्यक्ति स्वयं ही विहित फार्म (फार्म स० 1, 2, 3 और 3क) में अपनी कुल आय की विवरणिया नियत तारीख को या उसके पहले भेजे। 1-4-1989 से विभिन्न श्रेणियों के निर्धारितियो के लिए नियत तारीख निम्नवत है :—

निर्धारिती की श्रेणी	नियत तारीख
(i) कम्पनी	निर्धारण वर्ष के 31 दिसम्बर तक
(ii) कम्पनी के अलावा	
(क) यदि लेखाओं की लेखा-परीक्षा आय कर अधि-नियम या किसी अन्य विधि या सहकारी सोसाइटी के अधीन अपेक्षित हो।	निर्धारण वर्ष 31 अक्तूबर तक
(ख) यदि कारबार या वृत्ति से आय प्राप्त करता है और लेखाओ की लेखा-परीक्षा करना अपेक्षित न हो।	निर्धारण वर्ष के 31 अगस्त तक
(iii) अन्य मामले मे	निर्धारण वर्ष के 30 जून तक

Commencement of Proceedings

2.1 Under the Income-tax Act of 1922 a notice under section 22(1) of that Act called the general notice, was being issued each year on or before the 1st of May requiring every person whose total income became chargeable according to the provisions of the Finance Act of that year, to furnish the return of his total income/total world income within a period of sixty-five days in the prescribed form However, as mentioned already in para 18 02 of Volume III of Part I of the Revenue Audit Manual This procedure has been discontinued under the Income-tax Act, 1961 Under the IT Act, 1961, all persons having taxable income should, on their own, furnish on or before the due date their returns of total income in the prescribed form (Form Nos 1, 2, 3 and 3A) The due dates for various categories of assessees are as under (w e f 1-4-1989)

Category of assessee	*Due Date*
(i) Company	By 31st December of the assessment year
(ii) Other than company	
(a) if the accounts are required to be audited under the Income-tax Act or any other law or co-operative society	By 31st October of the assessment year.
(b) if derives income from business or profession and the accounts are not required to be audited.	By 31st August of the assessment year
(iii) in any other case	By 30th June of the assessment year

उपरोक्त तारीखें अनिवार्य हैं और निर्धारण अधिकारी को समय सीमा बढाने की शक्ति नहीं है। यदि कोई निर्धारिती सुसगत निर्धारण वर्ष की समाप्ति से पहले आय की विवरणी दाखिल नहीं करता है तो निर्धारण अधिकारी निर्धारिती से आय विवरणी भेजने की अपेक्षा करते हुए धारा 142(1) के अधीन नोटिस जारी कर सकता है।

कोई भी निर्धारिती सुसगत निर्धारण वर्ष या निर्धारण वर्ष के पूरा होने के पहले, जो भी पहले हो, की समाप्ति से एक वर्ष के भीतर निर्धारण वर्ष 1989–90 या अनुवर्ती वर्ष के सम्बन्ध मे विलम्बित या सशोधित विवरणी दाखिल कर सकता है। यदि आय की विवरणी निर्धारण वर्ष के लिए विहित नियत तारीख के बाद भेजी जाती है तो निर्धारिती धारा 234क के अधीन प्रत्येक महीने या महीने के किसी भाग के लिए 2% की दर पर आय की विवरणी को विलम्ब से दाखिल करने के लिए ब्याज का दायी होगा तथापि यदि कि ी निर्धारिती को "पूजी अभिलाभ" शीर्ष के अधीन "कारबार या वृत्ति" से किसी पूर्व वर्ष मे हानि हुई हो और इस प्रकार की हानि अग्रेनीत की जाये तथा अनुवर्ती निर्धारण वर्ष के लिए उसी शीर्ष के अधीन लाभ के प्रति मुजरा चाहता है तो वह धारा 139(1) के अधीन अनुमत अवधि के अन्दर हानि दर्शाते हुए आय की विवरणी दाखिल कर सकता है ऐसा न करने पर अनुवर्ती वर्ष के लिए हानि अग्रेनीत करने के अधिकार से वचित हो जाएगा।

सामान्य सूचक रजिस्टर

2.2 सामान्य सूचक रजिस्टर एक स्थाई अभिलेख है। इससे आयकर अधिकारी के अधिकार क्षेत्र के अन्दर राजस्व से उत्पन्न होने वाले सभी मामलो के नाम और पते बताता है। सामान्य सूचक रजिस्टर निम्नवत फार्म (आई टी एन एस 40) मे प्रत्येक निर्धारण अधिकारी के लिए रखा जाता है

स.स.र.	जी.आई.सी.स	नाम और पता	स्रोत, जिससे रजिस्टर में लाया गया है	हटाने जाने की तारीख और किस रजिस्टर पर लिया गया है	कालम 4,5 से विविध प्रविष्टि के लिए आ.क.अ.के तारीख सहित हस्ताक्षर	
1	2	3	4	5	6	7

The above dates are mandatory and the assessing officer has no power to extend the time limit as hitherto If any assessee has not filed the return of income before the end of the relevant assesment year, the assessing officer can issue notice under Section 142(1) requiring the assessee to furnish the return of income

An assessee may file a related or revised return in respect of assessment year 1989-90 and subsequent years within one year from the end of the relevant assessment year or before the completion of the assessment, whichever is earlier If the return of income is furnished after the due date prescribed for the assesment year, the assessee shall be liable to interest for late filing of return of income at the rate of 2% for every month or part of a month under Section 234A However, if any assessee who has suffered loss in any previous year from "business or profession" under the head "capital gains" desires such loss to be carried forward and set off against the profits under the same head for the subsequent assesment year, then he must file the return of income showing the loss within the time allowed under Section 139(1), failing which he would forfeit his right to carry forward the loss to succeeding year(s)

The General Index Register

2.2 The General Index Register is a permanent record giving the names and addresses of all revenue yielding cases within the Income-tax Officer's jurisdiction A General Index Register is maintained for each assessing officer in the form (I T N S 40) shown below:

G.I R No	G I C. No.	Name & address	Source from which brought on to the Register	Date of removal and register to which removed	Dated initials of I T.O for entry in cols. 4 & 5	Miscellaneous
1	2	3	4	5	6	7

किन्तु जहा निर्धारण अधिकारी का अधिकार क्षेत्र एक जिले से अधिक है (जैसा कि नयेश्तर प्रभार मे) वहा उतने ही सूचक रजिस्टर रखे जाएगे जितने कि आयकर अधिकारी के अधिकार क्षेत्र में जिले हैं। सामान्य सूचक रजिस्टर को छह अलग खण्डो में बाटा गया है जिसे निम्नानुसार निर्धारिती की प्रास्थिति के अनुसार वर्गीकृत किया गया है

(1) कम्पनिया

(2) हिन्दु अविभक्त कुटुम्ब

(3) फर्म (पजीकृत और अपंजीकृत)

(4) व्यक्तियों का सगम, व्यष्टियों का निकाय और कृत्रिम न्यायिक व्यक्ति

(5) स्थानीय प्राधिकारी

(6) व्यष्टि

उसी रजिस्टर मे समरूप सामान्य सूचक सख्या न देनी पडे इसके लिए प्रत्येक खण्ड मे विशिष्ट रेंज की क्रम सख्या नियत की गई है।

खण्ड I—कम्पनिया . . .	1–200
खण्ड II—हि०अ०कु० .	20[illegible]300
खण्ड III—फर्म .	301–600
खण्ड IV—व्यक्तियों का सगम, व्यष्टियों का निकाय कृत्रिम न्यायिक यक्ति।	601–650
खण्ड V—स्थानीय प्राधिकारी .	651–700
खण्ड VI—व्यष्टि . . .	700 और आगे

प्रत्येक अनुभाग मे वर्णमाला के प्रत्येक अक्षर के लिए एक अलग उप अनुभाग होता है। तथापि प्रत्येक अक्षर को दी जाने वा ी क्रम सख्याए उसी शृन्खला में होगी जो कि मुख्य अनुभाग के लिए आबटित की गई है। उदाहरण के लिए, जिस कम्पनी का नाम अक्षर "क" से आरम्भ होता हो और यह सामान्य अनुक्रमणिका रजिस्टर मे पहले स्थान पर दर्ज किया गया हो, उसकी सख्या 2 क-1 होगी जिस कपनी का नाम अक्षर "ख" से आरभ होता हो और इस अक्षर के अन्तर्गत पहले स्थान पर दर्ज किया गया हो, उसकी सामान्य अनुक्रमणिका सख्या ख-1 होगी। जिस निर्धारिती की हैसियत व्यष्टि की हो और जिसका नाम अक्षर "क" से आरभ होता हो और सामान्य अनुक्रमणिका रजिस्टर मे इस अक्षर के अन्तर्गत उसका पहला स्थान हो तो उसकी सामान्य अनुक्रमणिका संख्या क-701 होगी और यदि उसका नाम "ख" से आरम्भ होता हो और सामान्य अनुक्रमणिका

Where, however the Assessing Officer has jurisdiction over more than one district (as in mofussil charges), there will be as many Index Registers as there are districts in the jurisdiction of the Income-tax Officer The General Index Register is divided into six separate sections classified according to the status of the assessee as follows

(1) Companies

(2) Hindu Undivided Families

(3) Firms, (Registered and Unregistered)

(4) Association of persons, Body of Individuals and Artificial Juridical Persons

(5) Local authorities

(6) Individuals.

To avoid identical General Index numbers in the same Register each section is assigned specific range of serial of numbers.

Section I—Companies . .	1-200
Section II—H U. Fs . .	201-300
Section III—Firms . . .	301-600
Section IV—Associations of Persons, Body of individuals, and Artificial Juridical persons	601-650
Section V—Local Authorities .	651-700
Section VI—Individuals .	. 701-onward

Each section has separate sub-section for each letter of the alphabet. The serial numbers to be allotted to each letter would however be in the range as allotted to the main section To illustrate, a company having its name beginning with the letter 'A' finding place as first in the General Index Register will have the General Index Register number as a-1. The company having its name beginning with the letter 'B' and finding the first place under this letter will have the General Index Number as b-1 An assessee whose status is that of an 'individual' having his name beginning with the letter 'A' and finding the first place in the General Index Register under this letter will have the General Index Number as 'a-701' and if the name begins with B and the name is first in the General Index Register under this letter, the General

रजिस्टर मे इस शीर्ष के अन्तर्गत उसका स्थान पहला हो तो उसकी सामान्य अनुक्रमणिका सख्या "ख-701" होगी। निर्धारितियो की प्रत्येक श्रेणी के लिए क्रम सख्या का एक ही सेट रखने से निर्धारिती का हैसियत सामान्य अनुक्रमणिका सख्या बताने मात्र से ही जानी जा सकती है।

अनुभाग II मे, यदि हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब अधिक छूट सीमा का हकदार हो, तो इस तथ्य का उल्लेख कालम 'विविध' मे कर दिया देना चाहिए। इसी प्रकार कोई फर्म "पजीकृत है या अपजीकृत" इस बात का उल्लेख अनुभाग III मे कालम "विविध" के अन्तर्गत किया जाता है।

उस स्रोत का उल्लेख कालम (4) मे किया जाना चाहिए जिस से मामला इस रजिस्टर मे लाया गया हो, जब सामान्य अनुक्रमणिका रजिस्टर पहली बार तैयार किया जाए तो कुछ पुराने सामान्य अनुक्रमणिका रजिस्टर की सख्या इस कालम मे दिखाई जाएगी। यदि किसी दूसरे परिमडल में वह सख्या अन्तरित की गई हो, तो उस परिमडल का नाम, और यदि जाच पडताल रजिस्टर से सख्या लाई गई हो तो उस रजिस्टर की क्रम सख्या और अनुभाग का नाम या स्वेच्छिक विवरणी शब्द कालम 4 मे दर्ज कर दिया जाएगा। उपयुक्त विवरण उस स्रोत के अनुसार दिया जाएगा जिससे जहा वह मामला सामान्य अनुक्रमणिका रजिस्टर मे लाया गाया है निर्धारण अधिकारी इस प्रमाण पत्र रूप में कालम (6) मे अपने आद्यक्षर करके तारीख डाल देगा कि उसने आवश्यक प्रविष्टिया कर ली है इसी प्रकार यदि कोई मामला जाच पडताल रजिस्टर मे अन्तरित किया जाए, तो रजिस्टर के परिच्छेद और क्रम सख्या कालम (5) मे दिखाई जाएगी। यदि मामला सवृत्त कर दिए गए मामलो के रजिस्टर मे अन्तरित किया जाए तो इस रजिस्टर में क्रम सख्या कालम (5) मे दिखाई जाएगी। दूसरे परिमडल को अन्तरण करने के मामले मे प्रारम्भ मे केवल अन्तरण की तारीख और परिमडल का नाम कालम 5 मे दिखाया जाना चाहिए। इस प्रविष्टि को काट कर निर्धारण अधिकारी की तारीख सहित अपने आद्यक्षर तब करने चाहिए जब पावती पर्ची प्राप्त हो जाए, जिसमें उसे परिमडल के सामान्य अनुक्रमणिका रजिस्टर की सख्या/जाच पडताल रजिस्टर की रखना सूचित की गई हो जिसे वह मामला अन्तरित किया गया है। यह सख्या विविध कालम (7) में दिखाई जाएगी।

इस रजिस्टर के अतिम पृष्ठों का प्रयोग "परिवर्धनों" और "विलोपनों" के परिणामस्वरूप इसमे दर्ज मामलों की कुल सख्या का मासानुमास सकलन करने के लिए किया जाता है। इस सकलन के प्रारम्भ में रजिस्टर मे दिखाए गए आकडों

Index Number will be "b-701" By having the same set of serial numbers for each class of assessees, the status of the assessee can be readily known from the mere mention of the General Index Number

In section II, if the H U F. is entitled to the higher exemption limit, the fact should be noted in the 'Miscellaneous' column The status of the firm, whether "registered" or "unregistered" is similarly noted in section III in the 'miscellaneous' column

The source from which the case has been brought on to this Register should be indicated in column (4), when the General Index Register is prepared for the first time, the old General Index Register number will be shown in this column The name of the circle, if transferred from another circle, the serial number and section of Register of Investigations if brought from the register or the word "Voluntary Return" will be entered in the column 4 depending on the source from which the case has been introduced in the General Index Register The assessing officer will affix his dated initials in column (6) in token of his having made the necessary entries Similarly in the case of transfer of a case to Register of Investigations, the Section of the Register and Serial Number will be indicated in column (5) If transferred to the Register of closed cases, the Serial Number in this Register will be indicated in column (5) In case of transfer to another circle, initially only the date of transfer and the circle should be entered in column 5, this entry should be struck off and the dated initials of the assessing officer affixed, only after receipt of the acknowledgement slip intimating the General Index Register No /Register of Investigation No, in the circle to which the case has been transferred This Number would be shown in the Miscellaneous column (7).

The concluding pages of the Register are utilised for month-by-month compilation of the total number of cases on this Register as a result 'additions' and 'deletions' This compilation begins with the

के सही होने का प्रमाणपत्र दिया जाता है, जो कि फाइलों की वास्तविक जाच करने के बाद प्रत्येक वर्ष के आरम्भ मे दिया जाना चाहिए। मासानुमास सकलन निम्नलिखित फार्म मे होना चाहिए —

मासानुमास वार्षिक सकलन

19 19

परिच्छेद

(i)	(ii)	(iii)	(iv)	(v)	(vi)	(vii)

1 अप्रैल, 19····· को सामान्य अनुक्रमणिका रजिस्टर में मामलों की संख्या :

जोड़ :

अप्रैल.... के दौरान जोड़े गए मामलो की सख्या

(1) दूसरे परिमडलो से अन्तरित ।

(2) जाच पड़ताल रजिस्टर से अन्तरित ।

(3) धारा 139(2) के अन्तर्गत की गई कार्रवाई के परिणामस्वरूप नए मामले।

(4) स्वैच्छिक विवरणियो।

घटाएं·

(1) अन्य परिमडलो को अन्तरित ।

(2) जांच पड़ताल रजिस्टर मे अन्तरित।

(3) संवृत्त किए गए मामलो के रजिस्टर में अन्तरित।

जोड़ **1 मई 19····को बकाया**

मई और इसी प्रकार आगे के महीनो के लिए. .....

वेतन परिमडल में अधिकाश निर्धारितियो को ध्यान मे रखते हुए सामान्य अनुक्रमणिका रजिस्टर उतनी सख्या में रखी जा सकते है, जिससे किसी विशेष नियोजक या नियोजकों के कर्मचारियों के सुविधाजनक ग्रुप बन सके जिससे कि सबधित कर-निर्धारण सबधी फाइलों को विशेष कार्यभारी लिपिक उन पर कार्रवाई कर सके।

स्थायी लेखा संख्या

2.3 उन कर दाताओ की पहचान, को आसान और तुरन्त सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से 1 जून, 1972 से स्थायी लेखा सख्या के आबटन के लिए विभाग मे एक नई प्रणाली लागू की गई थी जो अब तक आयकर विभाग द्वारा दी गई सामान्य अनुक्रमणिका सख्या द्वारा पहचाने जाते थे। इसे 1 अप्रैल, 1976 से आय कर अधिनियम मे एक नई धारा 139-क जोड़ने कर साविधिक मान्यता प्रदान की गई है। नई सख्या आयकर भुगतान के चालानो सहित, जिसके लिए अधिनियम के अन्तर्गत क्रेडिट दिया जाता है, दस्तावेजो को मिलाने में अधिक सुविधाजनक होती है। प्रणाली मे इस प्रकार से तैयार किया गया है जिससे कि कारबार, निदेश आदि से सम्बन्धित लेन देनो के सम्बन्ध मे करदाताओ द्वारा

certificate as regards correctness of figures shown in the Register to be given in the beginning of every year after physical examination of files The month-by-month compilation should be in the following form —

Annual Compilation Month by Month

19 19

SECTION

(i)	(ii)	(iii)	(iv)	(v)	(vi)	(vii)

Number of cases on General Index Register on 1st April, 19. . .

Add·

No of cases added during April .

(1) Transferred from other circles

(2) Transferred from Registei of Investigation

(3) New cases as a result of action under section 139(2)

(4) Voluntary Returns.

Deduct:

(1) Transferred to other circles.

(2) Transferred to Register of Investigations.

(3) Transferred to Register of closed cases

Balance as on 1st May, 19 .

Add.............etc for May and so on.

In view of the large number of assessee in the salary circle a number of General Index Registers kept may be forming convenient groups consisting of employees of a particular employer or employers, that can be dealt with by a particular clerk-in-charge of the relevant assessment files

Permanent Account Number

2.3 With a view to facilitating easy and quick identification of the taxpayers hitherto identified by general index number given by the Income Tax Department a new system was introduced in the Department providing for the allotment of Permanent Account Number with effect from 1st June, 1972 This was given statutory recognition by insertion of a new Section—Section 139A—in the Income Tax Act with effect from 1st April, 1976 The new number is more convenient for linking of the papers including challans of payments of tax for which credit is given under the Act The system was designed to enable cross checking of the information furnished by the

भेजी गई सूचनाओ की सब तरह से प्रति जाच की जा सके और सम्भावित छिपाव को खोजा जा सके।

नई कार्यविधि के अन्तर्गत प्रत्येक व्यक्ति, जिसकी पूर्ण आय कर का निर्धार्य है या जो कोई कारबार कर रहा है जिसके मामले मे कुल विक्री, आय अथवा सकल प्राप्तिया किसी लेखा वर्ष मे 50,000 रु० से अधिक है अथवा होने वाली है, स्थायी लेखा सख्या के आवटन के लिए निर्धारण अधिकारी को आवेदन करेगा। निर्धारण अधिकारी ऐसे किसी व्यक्ति को स्थायी लेखा सख्या आबटित कर सकता है जो कर के लिए उत्तरदायी है।

कोई द्वारा निश्चित की गई स्थायी लेखा सख्या योजना के अनुसार किसी भी कर दाता को आबटित की जाने वाली सख्या में नीचे दिए अनुसार 9 अक 2 अग्रेजी वर्णमाला सक्षिप्त अक्षर और 3 सयोजक रेखाए होती है और प्रतिनिधि निर्धारिती की सख्या में 8 अक, 2 अक्षर तथा 2 सयोजक रेखाए होती है।

12–594 सी क्यू 1876

सी ए एल/एच सी (ए)–(चार्ज)

1342–आर वी–1794

सी ए एल/V1(जी)(चार्ज)

जहा सी/आर निर्धारिती की प्रास्थिति की द्योतका होती है अर्थात् सी कम्पनी के लिए और प्रतिनिधि निर्धारिती के लिए है, वहा क्यू की बोर्ड द्वारा आयकर आयुक्तो को आबटित स्थायी लेखा सख्या के और आयकर आयुक्तो द्वारा विभिन्न निम्न निर्धारण अधिकारियो को आबटित स्थायी लेखा सख्या के उप खण्डों के अनुसार अक्षरो तथा अन्य सख्याओ की द्योतक है।

एक बार आबटित की गई स्थायी लेखा सख्या क्षेत्राधिकार के बदलने के मामलो मे भी बदलती नहीं है। जहा स्थायी लेखा सख्या आबटित कर दी जाए अथवा आबटित की गई समझी जाए वहा सम्बन्धित व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है कि वह करों के भुगतान के सभी चालानो विवरणियो, पत्राचार दस्तावेजो आदि मे वह सख्या दे। अधिनियम जैसा कि ऊपर दिया गया के प्रावधानो का पालन न किए जाने पर 500 रु० तक की शास्ति लगाई जा सकती है।

धारा 139क के अन्तर्गत स्थायी लेखा सख्या के आबटन के लिए आवेदन निर्धारण वर्ष, जिसके लिए आय निर्धार्य है, 31 मई को या उससे पहले फार्म सख्या 49 क में किया जाना है।

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने 1 अप्रैल, 1973 से प्रत्येक आयकर आयुक्त द्वारा रखे जाने वाले स्थायी लेखा सख्याओं का रजिस्टर नामक रजिस्टर निर्धारित करके दिसम्बर, 1972 मे अनुदेश जारी किए हैं। यह रजिस्टर कार्य पर नियत्रण सुनिश्चित करने और स्थायी

taxpayers in respect of transactions relating to business, investments etc enabling detection of possible concealment

Under the new procedure every person whose total income is assessable to tax or who is carrying on any business in whose case the total sales, turnover or gross receipts are, or is likely to exceed Rs 50,000 in any accounting year shall apply to the assessing officer for the allotment of Permanent Account Number The assessing officer may allot a Permanent Account to any person by whom tax is payable

According to the scheme of Permanent Account Number finalised by the Board, the number to be allotted to a taxpayer would consist of 9 digits 2 letters of English Alphabets and 3 hyphens and to a representative assessee 8 digits 2 letters and 2 hyphens as under

12-594-CQ-1876

CAL/HC(A)-(CHARGES)

1342-RV-1794

CAL/VI(G)(CHARGE)

Where C/R reperesnts the status of the assessee, C for Company and R for representative assessee, Q, V represent letters and other numbers as per the block of Permanent Account Numbers allotted by the Board to the Commissioners of Income Tax and the sub blocks of Permanent Account Numbers allotted by the Commissioners of Income Tax to different assessing officers

The Permanent Account Number once allotted remains unchanged even in cases of transfer of jurisdiction Where a Permanent Account is allotted or is deemed to have been allotted, the person concerned is required to quote such number in all challans for payment of taxes, returns, correspondence, documents etc Failure to comply with the provisions of the Act, as foresaid, would entail penalty of a sum which may extend to Rs 500

The application for allotment of Permanent Account Number under Section 139A is to be made in Form No 49A on or before 31st day of May of the assessment year for which income is assessable

The Central Board of Direct Taxes have issued instructions in December 1972 prescribing a register called "Register of Permanent Account Numbers" to be maintained by each Commissioner of Income Tax with effect from 1st April, 1973 The register

लेखा संख्याओं के आवटन की प्रगति का अनुवीक्षण करने के लिए निर्धारित किया गया है स्थायी लेखा सख्या के आवटन का कार्य आयकर विभाग के कम्प्यूटर केन्द्रो द्वारा किया जा रहा है जहाँ वह सुविधा उपलब्ध है ।

लेखापरीक्षा संवीक्षा

2.4 लेखापरीक्षा मे यह देखा जाना होता है कि क्या बोर्ड द्वारा निर्धारित स्थायी लेखा सख्याओ का रजिस्टर बोर्ड द्वारा जारी अनुदेशो के अनुसार उपयुक्त रूप से रखा गया है । स्थायी लेखा सख्या के आवटन के लिए लम्बित मामलो की सख्या पर लेखापरीक्षा के समय टिप्पणी की जानी चाहिए ।

आदेश पत्र

2.5 आयकर अभिलेखो में आदेश-पत्र एक महत्वपूर्ण प्रलेख होता है और उसमें निर्धारण सबधी कार्रवाई का पूरा अभिलेख होता है । इस आदेश पत्र पर चार कालम बनाए जाते है पहले कॉलम मे आदेश की क्रम सख्या और तारीख दिखाई जाती है दूसरे मे आयकर अधिकारी का आदेश सक्षिप्त रूप में दिखाया जाता है और यदि निर्धारिती ने कोई ध्यान दिया हो या कोई प्रलेख दाखिल किया हो, तो उनका हवाला इस कालम में दे दिया जाता है, और तीसरे कालम में यह दिखाया जाता है कि आयकर अधिकारी के आदेशों का पालन किस प्रकार किया गया और चौथे कालम मे पृष्ठ सख्या दी जाती है ।

प्रत्येक निर्धारण वर्ष के लिए अलग आदेश पत्र खोला जाता है । इसमे उस वर्ष के कर निर्धारण से सबधित सभी घटनाओ का कालानुक्रमिक अभिलेख होना चाहिए और प्रत्येक प्रविष्टि के साथ क्रमागत सख्या डाली जानी चाहिए । निर्धारण सबधी कार्रवाई से सबंधित प्रत्येक आदेश पर तारीख और आयकर अधिकारी के आद्यक्षर होने चाहिए । कर निर्धारण सबधी कार्रवाई के सबध मे निर्धारिती द्वारा दाखिल किया गया प्रत्येक विवरण या कागजात, जिसमें समय बढाने का आवेदन भी शामिल है, आदेश-पत्र मे दर्ज किया जाना चाहिए । कागजात और प्रलेखो को दाखिल करने के समय ही उनका अभिलेख रख लेने से निर्धारण पूरा हो जाने के बाद कोई प्रलेख अतर्वेशित करने का भय नही रहता । उदाहरणार्थ, ऐसा मामला लीजिए, जिसमें निर्धारण पूरा करने के समय निर्धारिती कोई प्रमाण न दे सका हो, जिसके परिणामस्वरूप आयकर अधिकारी ने नकद क्रेडिट जोड दिया हो उसने छिपाव के कारण अर्थ दण्ड सबधी कार्रवाई भी आरम्भ कर दी हो किन्तु अपील के समय या अर्थ-दण्ड सबधी कार्रवाई की सुनवाई के समय आयकर अधिकारी को फाइल में कोई प्रलेख मिल जाए, जैसे किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा दिया गया हलफनामा जिसमे तथा कथित रूप से निर्धारिती को पेशगी धन दिया हो । इससे यह सदेह पैदा

is designed to secure control over the work and monitor progress of allotment of Permanent Account Numbers The work of allotment of PAN is presently being done by the Computer Centres of the I T Department, wherever the facility exists

Audit Scrutiny

2.4 It has to be seen in Audit whether the Register of Permanent Account Numbers prescribed by the Board has been maintained properly according to the instructions issued by the Board The number of cases pending for allotment of Permanent Account Numbers should be commented upon at the time of audit

The Order Sheet

2.5 The order sheet is an important piece of document in the Income-tax records and contains a complete record of the assessment proceedings This order sheet is in four columns—the first column showing the serial number of the order and date, the second column showing, in brief, the order passed by the assessing officer and giving reference to any statements recorded or documents filed by the assessee, the third showing how the orders of the Income-tax Officer have been complied with, the fourth page No

A separate order sheet is opened for each assessment year It should contain a chronological record of events relating to the assessment of that year and each entry should bear a consecutive serial number Every order relating to the assessment proceedings should be dated and initialled by the assessing officer Every statement or paper filed by the assessee in respect of his assessment proceedings should be recorded in the order sheet. This contemporaneous record of the filing of papers and documents is a safeguard against interpolation of documents after the assessment is completed For example, take a case where an Income tax Officer adds a cash credit on account of the failure of the assessee to furnish evidence at the time he completes the assessment. He also starts penalty proceedings for concealment. But at the time of appeal or at the time of the hearing of the penalty proceedings, the Income tax Officer finds a document, say an affidavit from the person alleged to have advanced the money to the

हो सकता है कि वह प्रलेख निर्धारण पूरा करने के बाद बीच मे लगाया गया है । आदेश पत्र और उसके साथ सभी पत्रादि और क्रमश साक्षात्कार सबधी टिप्पणिया अलग आवरण मे रखी जाती है, जिन्हें विविध रिकार्ड कहा जाता है, जो फार्म आई० टी० एन० एस० 42 (पुराना फार्म आई०टी० 38) मे होता है ।

सामान्य आदेश पत्र (फर्म आई० टी० एन० एस० 43ए) रखे जाने के अतिरिक्त 20,000 रु० से ऊपर की आय वाले निर्धारितियो और कम्पनियो के मामले में एक और आदेश पत्र (आई० टी० एन० एस०—43) भी रखा जाना अपेक्षित है । इसे इसलिए लागू किया गया है ताकि कर की प्रत्येक मद के सबध में सरसरी तौर पर पूरी सूचना मिल सके। आदेश पत्र फार्म (आई० टी० एन० एस० 43) ।

ऐसे मामलों में जहां नोटिस का उचित रूप से तामील कराया जाना वैध निर्धारण का पूर्वापेक्षाओ में से एक है वहा यह देखना आवश्यक होता है कि नोटिस पर सही व्यक्ति का पता लिखा गया है और उसको तामील उसी व्यक्ति या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा की गई है जो नोटिस प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत है । जहा तक व्यष्टि निर्धारिती को नोटिस भेजने का सबध है उसमें कोई कठिनाई नहीं होगी । किन्तु अन्य निर्धारितियो जैसे फार्मों हिन्दू अविभक्त कुटुम्बों कपनियो आदि के मामले मे स्वय अधिनियम मे यह व्यवस्था की गई है कि हिन्दु अविभक्त कुटुम्ब के मामले मे नोटिस कर्ता या परिवार के किसी वयस्क सदस्य के नाम, किसी फर्म के मामले में, फर्म के किसी साझेदार के नाम किसी स्थानीय प्राधिकारी या कम्पनी के मामले में प्रधान अधिकारी के नाम और व्यक्तियो के सगम या व्यष्टियो के निकाय के मामले मे प्रधान अधिकारी या सस्था या निकाय के किसी सदस्य के नाम भेजा जाना चाहिए । नोटिस के तामील करने की तारीख भी अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है क्योकि विवरणिया प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित समय सीमा उस तारीख के अनुसार होती है, जिसको नोटिस दिया गया हो । रजिस्ट्री डाक द्वारा नोटिस भेजने के मामले मे डाक पावती रिकार्ड में रखी जाएगी और अन्य मामलों मे पावती एक विशेष फार्म आई० टी० एन० एस०—50 (पुराना फार्म आई० टी० 67) में रखी जाती है । कभी कभी पावती नोटिस की कार्यालय प्रति के पीछे भी प्राप्त कर ली जाती है । जिन मामलों में पावती पर्चिया अलग से प्राप्त होती है उन्हें नोटिस की कार्यालय प्रति के साथ चिपका दिया जाता है ।

विवरणी फार्म

2.6 निर्धारिती आयकर अधिकारी द्वारा जारी किए गए नोटिस के उत्तर मे या अपने आप अपनी आयकी विवरणी निर्धारिती

assessee in the file That may give rise to the suspicion that the document has been inserted after the assessment had been completed The order sheet together with all correspondence and notes on interview are kept in a separate cover called the Miscellaneous Record in form I T N S 42 (old I T 38).

In addition to the Normal order sheet (I T N S 43A) to be maintained, in the case of assessees having income above Rs 20,000 and in the case of companies, another order sheet (I T N S 43) is required to be maintained This has been introduced with a view to having complete information in respect of every item of tax at a glance Form of order sheet (I T N S 43)

In respect of cases where proper service of notice is one of the prerequisites of a valid assessment it is essential to see that the notice has been addressed to the proper person and the service has been effected on that person or his authorised representative that is authorised to receive the notice. There will be no difficulty as regards addressing the notice in the case of individual assessee But in the case of other assessees, such as firms, Hindu Undivided Families, Companies etc the Act itself provides that the notice should be addressed in the case of an Hindu Undivided Family to the Karta or any adult member of the family, in the case of a firm to any partner of a firm, in the case of a local authority or a company to the principal officer and in case of any other Association of Persons or body of individuals to the principal officer or any member of the Association or body The date of service is also very important because the time limit prescribed for submission of the returns is with reference to the date on which the notice has been served. In the case of service by registered post, the postal acknowledgement would be kept on record and in other cases, the acknowledgement is kept in a special form, called I.T.N.S 50 (old form I T 67) Sometimes acknowledgement is obtained on the back of the office copy of the notice also. Where separate acknowledgement slips are obtained, such slips are pasted to the office copy of the notice.

The Return Forms

2.6 In response to the notice issued by the Income-tax Officer or voluntarily, the assessee files his return of

11—4 CAG/ND/91

फार्म में प्रस्तुत करता है। अधिनियम के अधीन निम्नलिखित तीन प्रकार की विवरणियां निर्धारित की गई हैं।

(1)	कंपनियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले फार्म	फार्म संख्या 1 (1-4-89 से यथा संशोधित)
(2)	कंपनियों से इतर व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले फार्म	फार्म संख्या 2 (1-6-90 से यथा संशोधित)
(3)	कम्पनियों से इतर व्यक्तियों और उनके द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले फार्म जो धर्मार्थ या धार्मिक प्रयोजनों के लिए रखी हुई सम्पत्ति से आय प्राप्त कर रहे हैं और जो धारा 11 के अधीन छूट का दावा कर रहे हैं तथा जिनकी कुल आय में कारोबार या वृत्ति के लाभ और अभिलाभ शामिल नहीं है।	फार्म संख्या 3 (1-6-90 से यथा संशोधित)

प्रत्येक फार्म भागों में उपविभाजित होता है। भाग I में कुल आय का विवरण और दूसरे भागों में विभिन्न कटौतियों, छूटों और कर न लगाने योग्य राशियों के ब्यौरे, स्रोत पर काटे गए कर आय पेशगी अदा किए गए कर का विवरण और अन्य संबंधित ब्यौरे दिए जाते हैं। विभिन्न अनुबंधों में इस बात का ब्यौरा दिया जाता है कि भाग I में दिए गए आय में संबंधित शीर्ष के अंतर्गत आय किस प्रकार संगणित की गई है। दाखिल की गई विवरणी सही तथा सभी प्रकार से पूर्ण होनी चाहिए और निर्धारित विवरणों तथा लेखाओं की प्रतियां और स्रोत पर काटे गए कर तथा अग्रिम कर और स्वनिर्धारण पर कर, यदि कोई हो, से सम्बन्धित साक्ष्य साथ लगे होने चाहिए। जहां लेखाओं की नियमित पुस्तकें निर्धारिती द्वारा रखी जाती हैं वहां विवरणी के साथ विनिर्माण लेखे, व्यापार लेखे लाभ और हानि लेखे अथवा आय और व्यय लेखे अथवा अन्य कोई समान लेखे तथा तुलन पत्र साथ लगाए जाने चाहिए। जहां लेखाओं की लेखा परीक्षा हो चुकी है वहां लेखापरीक्षित लेखाओं की प्रतियां और लेखापरीक्षक की रिपोर्ट भी साथ लगाई जानी चाहिए। उसके अतिरिक्त यदि कोई लागत लेखापरीक्षा की गई है तो लागत लेखापरीक्षा रिपोर्ट की प्रति और जहां धारा 44 क ख के अन्तर्गत लेखा-परीक्षा की गई हो वहां उस धारा के अन्तर्गत लेखापरीक्षा की रिपोर्ट भी संलग्न की जाती है।

income in the prescribed form Under the Act three types of returns are prescribed as follows

(1)	Forms to be furnished by companies.	Form No 1 (as amended from 1-4-89)
(2)	Forms to be furnished by persons other than companies	Form No 2 (As amended from 1-6-90)
(3)	Forms to be furnished by persons, other than companies and those deriving income from property held for charitable or religious purposes claiming exemption under Section 11, whose total income does not include "Profits and gains of business or profession"	Form No 3 (As amended from 1-5-90)

Each form is sub-divided into parts. Part I giving the Statement of total income and other parts giving details of the various deductions, exemptions and non taxable sums, statement of tax deducted at source and advance tax paid and other relevant particulars The various annexures give the details of how the income under the relevant head of income which is extracted to Part I is computed The return filed should be correct and complete in all respects and should be accompanied by prescribed statements and copies of accounts and proofs in respect of tax deducted at source and the advance tax and tax on self-assessment, if any, paid Where regular books of accounts are maintained by the assessee, the return must be accompanied by copies of manufacturing account, trading account, profit and loss account or income and expenditure account or any other similar account and balance sheet. Where the accounts have been audited, copies of audited accounts and the auditor's report must also be attached. In addition, if any cost audit has been conducted, a copy of cost audit report and where an audit has been conducted under section 44 AB a report of audit under that section are also to be enclosed

जहा निर्धारण अधिकारी यह समझता है कि निर्धारिती द्वारा भेजी गई आय की विवरणी दोषपूर्ण है वहा वह ऐसी सूचना की तारीख से 15 दिनों के अन्दर अथवा बढाई गई अवधि के अन्दर की, कोई अनुमति दी गई हो, दोष को सुधारने के लिए निर्धारिती को दोष सूचित कर सकता है। यदि दोष में उस प्रकार संशोधन नहीं किया जाता है तो दाखिल विवरणी को अवैध माना जाएगा और निर्धारिती परिणामी परिणामों जैसे एक तरफा निर्धारण शास्ति का उद्ग्रहण और वैध विवरणी दाखिल न करने के लिए उत्तरदायी होगा।

विवरण मे एक घोषणा देनी होती है, जिसमें अन्य बातो के साथ साथ इस आशय का प्रमाण पत्र रहता है कि जो आय विवरणी में दी गई है वह सही और पूरी है और इस पर ठीक प्रकार से हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। चूंकि विवरणी का फार्म एक सांविधिक फार्म होता है, इसलिए निर्धारिती को विवरणी में उल्लिखित विभिन्न ब्योरे भेजने से संबंधित निदेशों का पालन अवश्य किया जाना चाहिए। निर्धारण वर्ष या पिछले वर्ष या हैसियत के बारे में किसी गलत विवरण से या विवरणी पर निर्धारिती द्वारा हस्ताक्षर न किए जाने या उसके स्थान पर किन्ही अन्य व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर किए जाने से विवरणी अवैध हो जाएगी। इसी प्रकार आय के सुस्पष्ट आंकड़े न देने से या "शून्य आय" "हानि" या "अनुमानित आय" जैसे अभिव्यक्ति शब्दों का प्रयोग करने से भी विवरणी अवैध हो जाएगी। यदि विवरणी अवैध हो तो इस मामले में की गई अगली सभी कार्रवाइयां भी अवैध हो जाएगी। इसलिए विभागीय रूप से यह निर्धारित किया गया है कि ज्योंही विवरणी का फार्म प्राप्त हो, उसकी ध्यानपूर्वक छानबीन कर लेनी चाहिए और यदि कोई दोष पाए जाए, तो उन्हें उन विशेष फार्म आई०टी० 105 मे निर्धारिती को सूचित कर दिया जाए।

विवरणी दाखिल करना

2.7 किसी निर्धारिती द्वारा आय की विवरणी प्रस्तुत करते ही, उसकी प्रविष्टि आदेश पत्र में भी की जाएगी और विवरणी के प्राप्त होने की तारीख दर्ज की जाएगी। इसके बाद विवरणी और अन्य प्रलेख एक अन्य आवरण में जिसे "आय की विवरणी और अन्य संबंधित लेखा विवरणों का अभिलेख" (आई० टी० एन० एस० 74) कहते हैं, लगा दिए जाते है। इस अभिलेख में एक सूची होती है जिसमें विवरणी के पृष्ठों की कुल संख्या तुलन पत्र, लाभ तथा हानि लेखा और दाखिल की गई प्रत्येक विवरणी के संबंध में अन्य लेखा विवरणों के पृष्ठों की कुल संख्या दर्ज की जाती है। आय विवरणी के एक ही अभिलेख में कई निर्धारण वर्षों की आय विवरणियां हो सकती है। यदि किसी विशेष मामले में कोई विवरण किसी विशेष निर्धारण वर्ष के संबंध में अधिनियम की धारा 147 के अंतर्गत जारी किए गए नोटिस के

Where the assessing Officer considers that the return of income furnished by an assessee is defective he may intimate the defect to the assessee for rectifying it within 15 days from the date of such intimation or within the period of extension, if any, allowed If the defect is not so rectified, the return filed will be treated as invalid and the assessee would render himself liable to the resultant consequences such as exparte assessment, levy of penalty and interest for non-submission of a valid return

There is a declaration in the return certifying, inter alia, that the income returned is correct and complete, and this should be properly signed As the return form is a statutory form, directions contained in the return relating to the furnishing the various particulars mentioned therein must be complied with by the assessee. Any misdescription of the year of assessment or of the previous year or of the status, or a failure to sign the return or signature by persons other than the assessee would render the return invalid. So also, failure to furnish the specific figure of income or use of such expressions as "nil income", "loss" or "estimated income" would render the return invalid. If the return is invalid, all further proceedings taken in the case would also become void. Therefore, it has been departmentally prescribed that as soon as the return form is received, it should be carefully scrutinised, if any defects are noticed, such defects should be pointed out to the assessee in the special form I.T. 105

Filing of Return

2.7 As soon as the return of income is submitted by an assessee an entry also will be made in the order-sheet recording the date of receipt of the return The return and the other documents accompanying it are then filed in a separate folder called the "Record of the return of income and connected statements of accounts" (I.T.N.S 74). There is an index provided in this record to note the total number of pages of the return, the total number of pages of the balance sheet, profit and loss account, and other account statements in respect of each return filed A single record of return of income may contain returns of income for several assessment years If in a particular case a return is filed pursuant to a notice issued under section 147 of

अनुसरण मे प्रस्तुत किया जाए, तो वह विवरण मूल विवरण के बाद लगा दिया जाएगा, और उसे आयकर अधिकारी की छानबीन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। निर्धारण करने के सम्बन्ध में किए गए मुख्य संशोधनों के परिणामस्वरूप विवरणियों की प्राप्ति और कार्यवाहियों के लिए विभाग द्वारा एक नई कार्यविधि विकसित की गई है जिसे उस अध्याय के अनुबन्ध में दिया गया है।

जहाँ पहले से प्रदत्त कर की राशि यदि कोई हो, अर्थात स्रोत पर काटा गया कर अथवा अग्रिम में किया गया कर का भुगतान को हिसाब में लेने के बाद प्रस्तुत की गई विवरणी के आधार पर कोई कर देय है वहाँ निर्धारिती विवरणी भेजने से पहले विवरणी विलम्ब से दाखिल करने के लिए और अग्रिम कर के भुगतान में चूक अथवा विलम्ब के लिए देय ब्याज के साथ देय कर का स्वयं भुगतान करेगा और विवरणी के साथ ऐसे कर तथा ब्याज के भुगतान के साक्ष्य संलग्न करने चाहिए। यदि कोई निर्धारिती विवरणी दाखिल करने से पहले स्वनिर्धारण पर देय कर और सम्पूर्ण ब्याज का भुगतान नहीं करता है तो उसे चूककर्ता निर्धारिती माना जायेगा।

जहाँ निर्धारण पर निर्धारिती द्वारा प्रदत्त राशि देय कुल कर और ब्याज से कम रहती है वहाँ इस प्रकार प्रदत्त राशि को देय ब्याज के प्रति समायोजित किया जायेगा और शेष यदि कोई हो, को देय कर के प्रति समायोजित किया जायेगा।

धारा 139 अथवा 142 (1) के अधीन दाखिल की गई आय की विवरणी को (i) पाठिकाय त्रुटियों को सुधार कर, (ii) कटौती, मोक अथवा राहत, अग्रेनीत हानि का मुजरा, जो प्रत्यक्ष. अनुज्ञेय है और जिनका दावा नहीं किया गया है, को अनुमत और (iii) कटौती, मोक अथवा राहत, अग्रेनीत हानि का मुजरा, जिनका दावा किया गया है लेकिन प्रत्यक्ष. अनुज्ञेय है, को अस्वीकार करने के बाद साक्ष्य रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। यदि कोई कर या ब्याज उस विवरणी के आधार पर देय पाया जाता है तो निर्धारिती को उसकी सूचना भेजी जानी चाहिए। यदि इस विवरणी के आधार पर कोई प्रतिदाय देय होता है तो उसे निर्धारिती को दिया जाना चाहिए। निर्धारिती द्वारा विवरणी की परिशुद्धता सिद्ध करने के लिए धारा 143(2) के अन्तर्गत नोटिस निर्धारण अधिकारी द्वारा उस वित्तीय वर्ष में, जिसमें विवरणी दाखिल की गई है, के अन्त में या उसके पहले अथवा उस महीने जिसमें विवरणी दाखिल की गई है, के अन्त से छ माह, जो भी अवधि बाद में समाप्त हो, किया जा सकता है ऐसा साक्ष्य प्राप्त करने के बाद जैसा कि निर्धारिती धारा 143(2) के अन्तर्गत नोटिस के जवाब में प्रस्तुत करता है और कोई ऐसा अन्य साक्ष्य जिसे निर्धारण अधिकारी किसी विशेष मुद्दे पर माँगता है वहां वह लिखित आदेश द्वारा निर्धारिती की कुल आय अथवा हानि

the Act in respect of any particular assessment year, that return will be placed next to the original return and put up to the Income-tax Officer for his scrutiny Consequent to the drastic amendments brought in the framing of assessments, a new procedure for receipt and processing of returns has been evolved by the Deptt which is brought out in the Annexure to this chapter

When any tax is payable on the basis of return furnished, after taking into account the amount of tax, if any, already paid viz tax deducted at source or paid in advance, the assessee should pay suo moto the tax due together with interest payable, for late filing of return and for default or delay in payment of advance tax, before furnishing the return and the return should be accompanied by proof of payment of such tax and interest. If an assessee does not pay the tax due on self-assessment and interest in full before filing the return, he shall be deemed to be an assessee in default.

Where the amount paid by the assessee on self-assessment falls short of the aggregate of tax and interest due, the amount so paid shall first be adjusted towards the interest payable and the balance, if any should be adjusted towards the tax payable

Returns of income filed under section 139 or 142(1) should be accepted summarily after (i) correcting arithmetical errors, (ii) allowing deduction, allowance or relief, set off of carried forward loss, which is prima facie admissible but which is not claimed, and (iii) disallowing deduction, allowance or relief, set off of carried forward loss, claimed but which is prima facie inadmissible. If any tax or interest is found due on the basis of such return an intimation should be sent to the assessee If any refund is due on the basis of such return, it should be granted to the assessee. Notice under section 143(2) requiring the assessee to prove the correctness of the return can be issued by the Assessing Officer on or before the end of the financial year in which the return is filed or six months from the end of the month in which the return is filed, whichever period expires later After hearing such evidence as the assessee may produce in response to notice under section 143(2) and such other evidence as the Assessing Officer may require on the specified points, he should by an order in writing, make an

का धारा 143(3) के अन्तर्गत निर्धारण करेगा और ऐसे निर्धारण के आधार पर उसके द्वारा देय राशि निर्धारित करेगा ।

निर्धारण अधिकारी कारण बताओ नोटिस जारी किए बिना एकपक्षीय निर्धारण, जिसे 'सर्वोत्तम विवेक बुद्धि के अनुसार निर्धारण' कहा जाता है, करने की कार्यवाही नहीं कर सकता है। तथापि ऐसा नोटिस वहाँ आवश्यक नहीं है जहाँ एकपक्षीय निर्धारण से पूर्व धारा 142(1) के अन्तर्गत नोटिस पहले ही जारी किया जा चुका था ।

लेखे प्रस्तुत करने के लिए नोटिस

2.8 यदि निर्धारण अधिकारी निर्धारिती से कोई विशेष लेखा या प्रलेख प्रस्तुत करने की अपेक्षा करता है तो वह धारा 142(1) के अन्तर्गत नोटिस जारी करेगा । आई०टी०एन०एस० का तदनुरूपी में होता है। यह नोटिस विवरणी भेजने से भी पहले भेजा जा सकता है जबकि फार्म आई०टी०एन०एस० 33 (धारा 143(2) के अंतर्गत) में नोटिस तब तक नहीं भेजा जा सकता, जब तक कि विवरणी न भेज दी जाए ।

इस नोटिस में अर्थात आई०टी०एन०एस० 32 निर्धारण अधिकारी को उन विशेष पुस्तकों और प्रलेखों का स्पष्ट उल्लेख करना होगा जिन्हें वह निर्धारिती द्वारा प्रस्तुत कराना चाहता है। यदि वह पुस्तकों या प्रलेखों का स्पष्ट उल्लेख न करके सामान्य रूप से निदेश जारी कर दे तो यह नोटिस कानून की दृष्टि में दोषपूर्ण होगा । इस नोटिस की किसी भी शर्त को पूरा न कर पाने के परिणामस्वरूप एकपक्षीय रूप से कर निर्धारित कर दिया जाएगा । और (धारा 271(1) के अन्तर्गत अर्थदण्ड लगा दिया जाएगा । इसके परिणामस्वरूप धारा 276(घ) के अंतर्गत अभियोजन कार्रवाई भी की जाएगी । किन्तु यदि निर्धारिती बताए गए लेखे और प्रलेख इसीलिए प्रस्तुत नहीं कर सकता क्योंकि वे लेखे और प्रलेख रखे ही नहीं गए थे तो उस स्थिति में उसे उपर्युक्त परिणामों का सामना नहीं करना पड़ेगा । इस प्रकार जहाँ निर्धारिती का किसी भी प्रकार का कोई भी बैंक खाता न हो और आयकर अधिकारी निर्धारिती बैंक की पास बुक जोकि उसके पास नहीं है प्रस्तुत करने को कहे, तो उस स्थिति में निर्धारिती द्वारा प्रलेख प्रस्तुत कर सकने का प्रश्न ही नहीं उठता । इस धारा में उल्लिखित चूक का सम्बन्ध उसी प्रलेख से होना चाहिए जो कि निर्धारिती के पास हो या यथोचित रूप से यह आशा की जाती है । वह उसके पास होगा । इसके अतिरिक्त जो लेखे और प्रलेख इस नोटिस के अंतर्गत मंगाए जाएं, वे केवल पिछले वर्ष से तीन वर्ष पहले की अवधि तक सीमित होने चाहिए। इस प्रकार निर्धारण वर्ष 1989–90 से सम्बंधित निर्धारण कार्रवाई के मामले में आयकर अधिकारी 1988–89, 1987–88, 1986-87 और 1985–86 के लेखाओं और प्रलेखों को प्रस्तुत करने के लिए कह सकता है ।

assessment under Section 143(3) of the total income or loss of the assessee and determine the sum payable by him on the basis of such assessment

The assessing Officer cannot proceed to make an assessment ex-parte called the "best judgement assessment" without issuing a show cause notice. However, such notice is not necessary where the notice under Section 142(1) had already been issued prior to the ex-parte assessment

Notice to Produce Accounts

2.8 If the assessing officer wants the assessee to produce any particular account or document, he issues a notice under section 142(1) This notice is in the form *ITNS 32* This notice can be issued even before a return is made, whereas the notice in form ITNS 33 (under section 143(2)) cannot be issued unless a return is made.

